# लाभ संतृप्ति शिविरों में लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

## भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव वर्ष के तहत लाभ संतृप्ति शिविरों का हुआ आयोजन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्रदेशभर में भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में 1 से 15 नवम्बर 2025 तक जनजातीय गौरव वर्ष के तहत विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारम्भ हुई है। राज्य सरकार द्वारा यह आयोजन भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों, संघर्ष और योगदान को जन-जन तक पहुँचाने के साथ-साथ समाज के वंचित वर्गों को योजनाओं का लाभ पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार रविवार को जिले के सभी उपखण्डों में लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों तक केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करना रहा। ई-मित्र केन्द्रों पर जिला प्रशासन एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से आयोजित विशेष शिविरों में कुल 6 हजार 591 पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना जैसी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बताया कि शिविरों में लाभार्थियों के बैंक खाते खुलवाने, बीमा सुरक्षा कार्ड वितरण, पेंशन योजनाओं में नामांकन और आधार प्रमाणीकरण जैसी सेवाएं मौके पर ही उपलब्ध कराई




लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन हुआ।

गईं। जिले के विभिन्न उपखण्डों में लाभार्थियों की संख्या जयपुर शहर में 1,273, आमेर में 198, आंधी में 272, बस्सी में 337, चाकसू में 623, दूदू में 129, गोविंदगढ़ में 519, जालसू में 259, जमवारामगढ़ में 142, झोटवाड़ा में 272, जोबनेर में 246, किशनगढ़ रेनवाल में 129, कोटखावदा में 103, माधोराजपुरा में 90, मौजमाबाद में 64, फागी में 155, सांभर में 194, सांगानेर में 233, शाहपुरा में 246 एवं तुंगा में 285 रही।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा ने बताया कि शिविरों में नागरिकों का उत्साहपूर्ण सहभाग रहा तथा ई-मित्र संचालकों एवं विभागीय अधिकारियों ने लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी एवं दस्तावेज़ी सहयोग प्रदान किया। आगामी कार्यक्रमों के तहत 4 नवम्बर को महाविद्यालयों में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, विचार एवं योगदान पर भाषण, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। 6 नवम्बर को राजीविका के सहयोग से पंचायत समिति स्तर पर खिलौना निर्माण कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य ठाामीण महिलाओं को स्वरोजगार एवं नवाचार से जोड़ना है। माडा क्षेत्रों की ठााम पंचायतों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि

- **माडा क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।**

अर्पित की जाएगी। इसी क्रम में 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत विभिन्न जनजागरण, सांस्कृतिक एवं विकासपरक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास को जनसहभागिता का अभियान बना रही है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आरम्भ हुई यह श्रृंखला समाज के आदिवासी गौरव, स्वाभिमान और संस्कृति को सम्मान देने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्रदेशभर में भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में 1 से 15 नवम्बर 2025 तक जनजातीय गौरव वर्ष के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में रविवार को जिले के समस्त उपखण्डों में लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया गया। ईमित्र केन्द्रों पर जिला प्रशासन एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से आयोजित विशेष लाभ संतृप्ति शिविरों में 6 हजार 591 पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना सरीखी लोककल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित किया गया।

ई-मित्र केन्द्रों पर आयोजित शिविरों के तहत जयपुर शहर में 1 हजार 273, आमेर में 198, आंधी में 272, बस्सी में 337, चाकसू में 623, दूदू में 129, गोविन्दगढ़ में 519, जालसू में 259, जमवारामगढ़ में 142, झोटवाड़ा में 272, जोबनेर में 246, किशनगढ़ रेनवाल में 129 में, कोटखावदा में 103 में, माधोराजपुरा में 90, मौजमाबाद में 64, फागी में 155, सांभर में 194, सांगानेर में 233, शाहपुरा में 246 एवं तुंगा में 285 लाभार्थियों को लाभांवित किया गया। इसी कड़ी में 4 नवम्बर को महाविद्यालयों में भगवान बिरसा मुंडा पर भाषण, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं होंगी। तो वहीं, 6 नवम्बर को राजीविका द्वारा पंचायत समितियों में खिलौना निर्माण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी तथा माडा क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसी प्रकार 15 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## हाईवे पर लूटपाल करने वाले गिरोह के दो बदमाश बापर्दा गिरफ्तार

**जयपुर।** शिवदासपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हाईवे पर लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार बदमाशों से उनके अन्य साथियों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस ने आशंका जताई है कि आरोपियों से कई लूट की वारदातों का खुलासा हो सकता है।

जयपुर पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि विशेष अभियान एरिया डोमिनेशन के तहत परिवादी हरकेश योगी ने मामला दर्ज कराया कि वह अपने दोस्त जसवंत सिंह के साथ कानोता जा रहा था। इसी दौरान प्रहलादपुरा पुलिया के नीचे थार गाड़ी सवार 5 अज्ञात बदमाशों ने उसकी कार के आगे अपनी थार गाड़ी लगा कर रोक लिया और जबरन दोनो को खुद की थार में बैठा लिया और पैसों की मांग करने लगे।

नकदी नहीं देने पर बदमाशों ने जमकर मारपीट की। जिसके बाद अज्ञात बदमाश जसवंत के कानों में पहनी हुई सोने की बालिया, सोने की अंगुठी और चार हजार रुपए फोन पे कर डाल लिए। वहीं बदमाशों ने हरकेश 2 हजार रुपए का ऑनलाइन पैमेंट खुद के फोन पे पर डलवा लिया और चांदी की अंगुठी, मोबाइल फोन छीन लिया। आरोपी दोनो पीड़ितों को घटना स्थल से दो किलो मीटर दूर जंगलों में छोड़कर फरार हो गए।

पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष टीम को गठन किया और सैकड़ो सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पूर्व में कमल योगी को बापर्दा गिरफ्तार कर लिया। वहीं इस वारदात में शामिल एक नाबालिक को निरुद्ध कर लिया। पुलिस ने वांछित चल रहे आरोपी कृष्ण गुर्जर (19) निवासी गोनेर व मनीष मीणा (24) निवासी सिरोली शिवदासपुरा को बापर्दा गिरफ्तार कर लिया।

## सार-समाचार

### फेडकुटा के राष्ट्रीय सचिव बनने पर प्रो तीर्थंकर का अभिनंदन

**दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के सचिव और हिंदू कालेज में आचार्य प्रो बिमलेंदु तीर्थंकर को फेडकुटा के सचिव बन जाने पर अभिनंदन किया गया। प्रो तीर्थंकर शिक्षकों के अखिल भारतीय संगठन फेडरेशन ऑफ सेंट्रल यूनिवर्सिटीज टीचर्स के राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किए गए हैं। वेंकटेश्वर कालेज के प्रो रामकिशोर यादव ने बताया कि शिक्षक हित में सदैव संघर्षरत रहे प्रो तीर्थंकर के व्यक्तित्व में अकादमिक योग्यता और संगठनधर्मिता का अपूर्व समन्वय है। श्यामलाल कालेज के प्रो समरेंद्र कुमार ने व्यावसायिकता के खतरों के बीच उच्च शिक्षा को बचाने के लिए प्रयासरत रहने वाले शिक्षक नेताओं में तीर्थंकर की भूमिका की सराहना की। राजधानी कालेज के प्रो राजेश झा ने कहा कि प्रो तीर्थंकर ने लगातार दूसरी बार दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव जीतकर शिक्षक समुदाय में गहरी विश्वसनीयता अर्जित की है जिसका सुपरिणाम फेडकुटा का दायित्व है। प्रो तीर्थंकर को अग्रसेन कालेज के प्रो टी एन ओझा, आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज के डॉ प्रेमचंद, राजधानी कालेज के डॉ आनंद प्रकाश, हिंदू कालेज की प्रो सीमा दास, प्रो रचना सिंह, डॉ पल्लव , डॉ नीलम सिंह सहित अनेक शिक्षकों ने शुभकामनाएं और बधाई दी।प्रो तीर्थंकर ने शुभकामनाओं और बधाई को स्वीकारते हुए कहा कि उनके प्रति दर्शाए गए विश्वास को बनाए रखने के लिए वे हर संभव प्रयत्न करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के पवित्र परिसर में व्यावसायिकता और दोहरे आचरण के लिए कोई स्थान नहीं है। ज्ञातव्य है कि देश के प्रतिष्ठित हिंदू कालेज में लगभग दो दशकों से अध्यापन कर रहे प्रो तीर्थंकर ने पटना विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा अर्जित कर शिक्षक आंदोलन में निरंतर अपना योगदान किया है। वे हिंदी के अध्येता और आलोचक भी हैं जिनके आलेखों का प्रकाशन उच्च स्तरीय पत्रिकाओं में होता रहा है।

### 800 नई बसों की होगी खरीद

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम में बेहतर प्रबंधन, सुपरविजन और संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पूर्ववर्ती सरकार के समय रोडवेज का वार्षिक ऑपरेशन घाटा लगभग एक हज़ार करोड़ पहुंच गया था, जो वर्तमान सरकार की पारदर्शी नीति के कारण अब लगभग तीन सौ करोड़ रुपये प्रतिवर्ष ही रह गया है।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार परिवहन निगम यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित और समयबद्ध परिवहन सेवाएं सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ उपलब्ध करवा रहा है। यात्रियों की अपेक्षाओं के अनुसार निरन्तर परिवहन सेवाओं का गुणवत्तापूर्ण उन्नयन भी सुनिश्चित किया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि उन्नत मॉनिटरिंग व्यवस्था और बेहतर ईंधन प्रबंधन के माध्यम से डीज़ल की खपत में कमी लाई लाने से परिचालन व्यय में बड़ी बचत हुई है। साथ ही, 810 नई बसों की खरीद और 352 बसों को अनुबंधित कर रोडवेज के बेड़े और रूट नेटवर्क को मजबूत किया है। इससे रोडवेज सेवाएं यात्रियों के लिए अधिक लाभप्रद बनी हैं।रोडवेज की वित्तीय स्थिति में भी निरन्तर सुधार के लिए सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में 800 नई बसें बेड़े में शामिल कर यात्रियों को और अधिक सुरक्षित और सुव्यवस्थित यात्रा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इन नई बसों के जुड़ने से परिचालन घाटा समाप्त कर निगम को लाभ की स्थिति में लाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

### शादी का झांसा दे डेढ़ साल तक युवती से दुष्कर्म

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके मे एक युवती ने अपने प्रेमी के खिलाफ शादी का झांस देकर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी प्रेमी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि जवाहर नगर इलाके में रहने वाली 24 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज कराया है कि आरोपी प्रेमी से उसकी मुलाकात जनवरी -2024 मे हुई थी। आरोपी ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया और अकेले में मिलने के बहाने से बुलाया । जहां पर आरोपी ने अकेलपन का फायदा उठाते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया । विरोध करने पर आरोपी ने शादी का झांसा दिया और डेढ़ साल तक अलग-अलग जगहों पर ले जाकर उसकी आबरु से खेलता रहा। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी प्रेमी ने शादी करने से इनकार कर दिया। खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़िता ने पुलिस की मदद ली और आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया।

### नकबजनी की वारदात करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले शातिर अव्वल दर्जे के नकबजन अभिषेक जादौन को धर-दबोचा है। वहीं पूर्व में पुलिस ने उसके साथी रवि ख्यालिराम को गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों ही आरोपित नशे के आदि है। जो नशे का शौक पूरा करने के लिए नकबजनी की वारदात करते है। इनके पास से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए जा चुके है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले शातिर अव्वल दर्जे के नकबजन अभिषेक जादौन निवासी सपोटरा जिला करौली हाल श्याम नगर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

## हुक्का,पाइप,चिलम व प्लेवर सीज, क्लब मैनेजर गिरफ्तार

**जयपुर।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इलाके में संचालित जोकर द क्लब पर छापा मारा। जहां क्लब की आड में अवैध रूप से हुक्का परोसा जा रहा था। पुलिस टीम ने बड़ी संख्या में हुक्के सीज कर क्लब मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज उसे गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मालवीय स्थित जोकर द क्लब की आड में हुक्का बार चल रहा है। इस पर एक पुलिस टीम मौके पर जाकर सूचना की तस्दीक करवाई गई। क्लब को चेक किया तो क्लब के अन्दर एक व्यक्ति सोफे पर बैठे लड़कों के सामने रखी टेबल पर खान पान के साथ तम्बाकू युक्त प्लेवर चिलम में डालकर हुक्का पिला रहा था। टेबल पर 1 हुक्का, 1 पाईप, 1 चिलम जिसमें जलते हुए कोयले थे व कोयले के नीचे फॉयल पेपर में फ्लेवर भरा हुआ मिला तथा क्लब के स्टोर रूम में कुल 26 हुक्का, 26 पाईप, 26 चिलम मिले। जिस पर क्लब के मैनेजर संजय बैरवा से लाइसेंस मांगा जो उस के पास नहीं था। जिसपर क्लब में मिले कुल 27 हुक्का,



पुलिस ने हुक्के सीज कर क्लब मैनेजर को गिरफ्तार किया।

27 पाईप, 27 चिलम एवं शेष प्लेवर को सीज की कार्रवाई कर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

## बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** शिवदासपुरा थाना पुलिस ने भूमि विवाद के चलते जान लेवा हमला करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार बदमाश के अपराधी रिकॉर्ड को खंगलाने में जुटी हुई है।जयपुर उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि विशेष अभियान एरिया डोमिनेशन के तहत परिवादी रमेंश धाकड़ ने 15 अगस्त 2025 को मामला दर्ज कराया था कि ठााम रुपपुरा में उसने लुनियावास गृह निर्माण सहकारी समिति की आवासीय योजना शंकर वाटिका में खरीदे गए प्लॉट का निर्माण कार्य शुरु किया था। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने साथ मिलीभगत कर आरोपी डम्पर व ट्रेक्टर में सवार होकर आए उसके साथ मारपीट कर उसे गंभीर रुप से घायल कर दिया और उसके वाहन में तोड़फोड़ करते हुए नकदी व दस्तावेज निकला कर फरार हो गए।

## गिरफ्तार आरोपी की कोर्ट में पेशी के दौरान मौत

**जयपुर।** राजधानी में शनिवार को आबकारी एक्ट में गिरफ्तार एक आरोपी की कोर्ट में पेशी के दौरान अचानक मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान हरकेश सांसी के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि आरोपित को रामनगरिया थाना पुलिस ने अवैध शराब के मामले में गिरफ्तार किया था। शनिवार को उसे नियमित कार्यवाही के तहत अदालत में पेश करने के लिए पुलिस लेकर पहुंची थी। इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।पुलिस के अनुसार हरकेश सांसी को कोर्ट में पेश किया जा रहा था, तभी उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद आरोपी निढाल होकर गिर गया। पुलिसकर्मी उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरी जानकारी ली। आरोपी का शव जयपुरिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। मेडिकल बोर्ड की देखरेख में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि मौत के सही कारण का खुलासा मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। परिजनों ने आरोप लगाया है कि हरकेश को जब लेकर गए थे, तब उसकी तबीयत सही थी। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तबीयत अचानक खराब हुई और उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया था। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## डॉक्टर के घर से 17 तोला सोना चोरी


**जयपुर।** रामनगरिया थाना इलाके में स्थित महादेव नगर में सुने पड़े डॉक्टर के मकान पर निशाना सांधते हुए अज्ञात नकबजन लाखों रुपए के सोने के आभूषण लेकर फरार हो गए। वारदात होती देख पड़ोसी ने बदमाशों का वीड़ियों बनाया और मामले की जानकारी पुलिस को दी। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही शातिर नकबजन फरार होने में कामयाब हो गए। पुलिस ने पड़ोसी के द्वारा बनाए गए वीड़ियों के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित मनोहर भाटिया एक नवम्बर को अपने परिवार के साथ बीकानेर में एक शादी में शामिल होने गए थे। रात करीब दो बजे नकबजन मकान में घुसे और अलमारी का ताला तोड सोने के जेवरात बैंग में भरने लगे। तभी पड़ोसी ने खिड़की से आरोपियों का वीड़ियों बना लिया। पड़ोसी ने मामले की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही दोनो शातिर बदमाश 17 तोला सोने के आभूषण चोरी कर फरार हो गए। वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित डॉक्टर मनोहर भाटिया जयपुर पहुंचे और सारा सामान संभालने के बाद उन्होने पुलिस को चोरी हुई सामानों की सूची सौपी। जिसमें 4 तोला सोने का रानीहार, 2 तोला की चार सोने की अंगूठी, आधा तोला की एक हीरे की अंगूठी, साढ़े 7 तोला की 3 गले की चैन आदि शामिल हैं।

# देवउठनी एकादशी पर ठाकुर श्रीजी का वैदिक मंत्रोचारण के साथ हुआ पंचामृत

## गोविंद देवजी मंदिर में देवउठनी एकादशी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

**जयपुर।** आराध्य देव ठिकाना श्री गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को देवउठनी एकादशी महोत्सव बड़े हर्षोल्लास और भक्ति भाव से मनाया गया। चातुर्मास के चार पवित्र महीनों की योगनिद्रा के बाद भगवान श्रीहरि विष्णु के जागरण के इस पर्व पर मंदिर परिसर में भोर से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

ब्रह्ममुहूर्त में मंदिर के प्रांगण में शंख, घंटा और घड़ियालों की मंगलध्वनि के साथ उतिष्ठोतिष्ठ गोविंद, उतिष्ठ गरुड़ध्वज मंत्रोच्चार के बीच ठाकुर श्रीजी का जागरण हुआ। महंत अंजन कुमार गोस्वामी जी के सान्निध्य में वैदिक विधि से ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक और गुनगुने जल से स्नान कराया गया। मंगला झांकी के दौरान ठाकुर श्रीजी को लाल लप्पा जामा पोशाक धारण कराई गई तथा विशेष पुष्प श्रृंगार से सजाया गया। अभिषेक पश्चात ठाकुर श्री सालिग्राम जी (नारायण जी) को चांदी की चौकी पर विराजमान कर मंदिर के दक्षिण-पश्चिम कोने में स्थित तुलसी मंच तक लाया गया। यहां उनका वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत पूजन किया गया। इसके बाद तुलसी महारानी एवं श्री सालिग्रम जी की आरती और भोग अर्पण संपन्न हुआ। भक्तों ने दोनों की चार परिक्रमाएं कीं और मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। तत्पश्चात ठाकुर श्री सालिग्राम जी को चांदी के रथ में



ठाकुर श्रीजी का वैदिक मंत्रोचारण के साथ हुआ पंचामृत अभिषेक किया।

विराजमान कर मंदिर की परिक्रमा कराई गई और पुनः गर्भगृह में ठाकुर श्री गोविंद देवजी के समीप विराजमान किया गया।

सुबह से लेकर रात्रि की शयन झांकी तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। जय निवास उद्यान परिसर में भक्तों ने दीपदान किया, वहीं महिलाओं ने समूह में बैठकर एकादशी कथा सुनी और हरिनाम संकीर्तन किया। शहरभर से महिलाएं सजे समूहों में पहुंचीं। मंदिर परिसर और उद्यान में मेले जैसा उल्लासपूर्ण वातावरण बना रहा। बड़ी संख्या में विदेशी श्रद्धालु भी एकादशी दर्शन करने पहुंचे।

श्रद्धालुओं ने बड़ी परिक्रमा करते हुए तुलसी, केला और कल्पवृक्ष के चारों ओर मौली लपेटकर परिक्रमा की। इस दौरान हरिनाम कीर्तन की गूंज ने संपूर्ण परिसर को भक्तिरस से भर दिया।भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन और पुलिस ने विशेष दर्शन व्यवस्था की। दर्शनार्थियों के प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्ग बनाए गए। मुख्य द्वार से प्रवेश कराया गया, जबकि जय निवास बाग से प्रवेश पूर्णतः निषेध रहा। मंदिर परिसर में जूता-चप्पल रखने की व्यवस्था नहीं की गई थी। भक्तों की सुविधा के लिए दो अलग-अलग कतारें बनाई गईं - एक में जूते-चप्पल सहित, दूसरी में बिना जूते-चप्पल वाले भक्तों के लिए। मंगला दर्शन प्रातः 4 से 5:30 बजे तक, देवउठनी पूजन 6:15 बजे से, धूप दर्शन 7:30 से 9 बजे तक, श्रृंगार दर्शन 9:30 से 10:15 बजे तक, राजभोग दर्शन 10:45 से

- **चांदी के रथ में ठाकुर श्री सालिग्राम जी की परिक्रमा, तुलसी विवाह के साथ गूंजा हरिनाम संकीर्तन**

11:45 बजे तक, ग्वाल झांकी शाम 4:30 से 5:15 बजे तक, संध्या झांकी 5:45 से 7:30 बजे तक और शयन झांकी रात 8 से 8:30 बजे तक हुई। सबसे ज्यादा लोग मंगला और शयन झांकी में पहुंचे

ठाकुर श्रीजी को विशेष सागरी लड्डू का भोग अर्पण किया गया। मंदिर में पुष्प और रजत अलंकरण से सुसज्जित झांकियों का भव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी के निर्देशन में 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने सुबह से रात्रि तक व्यवस्थाएं संभाली।शहर के अन्य प्रमुख वैष्णव मंदिरों - गोपीनाथ जी (पुरानी बस्ती), राधा दामोदर जी (चौड़ा रास्ता), श्री सरस निकुंज (सुभाष चौक) और लाड़लीजी मंदिर (रामगंज बाजार) - में भी एकादशी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। संध्याकाल में उदियात तिथि के अनुसार घर-घर तुलसी-शालिठााम विवाह संपन्न हुआ। भक्तों ने तुलसी शालिग्राम का विवाह कर दीपदान किया।

# ग्राम विकास अधिकारी ने फंदे से झूल की आत्महत्या

## परिजनों ने महिला बीडीओ और सरपंच पर लगाया आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

**जयपुर।** नारायण विहार इलाके में रहने वाले ग्राम विकास अधिकारी ने रस्सी का फंदा बनाकर उसके लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों की सूचना पर रविवार सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जयपुरिया अस्पताल की मुर्दाघर में भिजवाया। पुलिस जांच में सामने आया कि ग्राम विकास अधिकारी दीपावली पर छुट्टी लेकर घर आया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पडताल मे जुटी है।

जांच अधिकारी एसआई सतीश कुमार ने बताया कि मांग्यावास इंजीनियर्स कॉलोनी निवासी प्रवीण कुमावत (31) ग्राम पंचायत कणोज पंचायत समिति केकड़ी में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत था। पुलिस जांच में सामने आया कि प्रवीण कुमावत दीपावली पर छुट्टी लेकर आया था। 27 अक्टूबर की रात खाना खाने के बाद वह आस-पास में रहने वाले अपने रिश्तेदार और दोस्तों से मिलने गया था। इसके बाद घर लौटने के बाद दूर के रिश्तेदार प्रहलाद से मोबाइल पर बात करता रहा।

करीब 20 मिनट बात करने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। जिसने देर रात कमरे में रस्सी का फंदा

- **परिजनों की सूचना पर रविवार सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जयपुरिया अस्पताल मुर्दाघर में भिजवाया**
- **मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ**

लगाकर प्रवीण ने आत्महत्या कर ली । 28 अक्टूबर को सुबह प्रवीण को अपनी ड्यूटी पर वापस जाना था। सुबह करीब 8 बजे परिजन उसे जगाने के लिए पहुंचे। कमरे में पहुंचने पर प्रवीण फंदे से लटका मिला।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आत्महत्या करने के लिए मृतक प्रवीण कुमावत बाजार से नई रस्सी खरीदकर लाया था। मृतक के भाई अशोक कुमावत ने ठााम पंचायत सरपंच भागचन्द नायक, उसके बेटे बंटी और खण्ड विकास अधिकारी दिशी शर्मा के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया।

पिछले 3-4 महीने से ग्राम पंचायत सरपंच भागचंद नायक, उसका बेटा बंटी और खण्ड अधिकारी दिशी शर्मा की ओर से ग्राम पंचायत में किए गए काम के अवैध भुगतान के लिए साइन करवाने का दबाव बना रहे थे। ग्राम पंचायत सरपंच भागचंद की ओर से अपने पद पर रहते हुए जल भराव क्षेत्र में किसी अन्य जगह पर पौंड खुदवाया। मिट्टी को जल भराव क्षेत्र में डलवाने के लिए अवैध तरीके से 10-15 लाख रुपए का भुगतान करवाना चाह रहा था। जबकि, उस जल भराव क्षेत्र में करीब 50 हजार रुपए की मिट्टी डाली थी। काफी दबाव के चलते प्रवीण ने वॉट्सऐप पर अपना त्यागपत्र अधिकारी दिशी शर्मा को भेजा था। जिसके जानकारी मिलने के बाद पीड़ित का भाई अशोक कुमावत अपने बहनोई मुकेश कुमार के साथ दोनो खण्ड विकास अधिकारी दिशी शर्मा के कार्यालय में जाकर मिले। इसके बाद भी दिशी शर्मा ने अवैध भुगतान करने का दबाव बनाया।

हालांकि पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की शिकायत पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।